## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्रांतर्गत 09 नवम्बर को फरियादी द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आधार पर यह पाया गया कि उनकी मानसिक रूप से अशक्त नाबालिग बालिका के साथ आरोपी सत्यम अहिरवार द्वारा दुष्कर्म किए जाने का प्रथम दृष्टया अपराध घटित हुआ है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए 10 नवम्बर को आरोपी सत्यम अहिरवार पिता दिनेश अहिरवार निवासी थाना गोहपारु को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक भागचन्द चौधरी, आरक्षक गुरुदयाल, अमृतलाल यादव, अजीत यादव एवं राजकुमार रघुवंशी की भूमिका रही।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना अंतर्गत नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया, 27 अक्टूबर को बुढार थाना क्षेत्र की एक नाबालिग पीड़िता की माता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि एक युवक बहला-फुसलाकर उनकी बेटी को ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। उक्त रिपोर्ट पर बुढ़ार पुलिस द्वारा पीड़िता की शिकायत पर अपराध बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी आर्यन उर्फ आयुष चौधरी पिता रंगलाल चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 04 आहुजा पेट्रोल पंप के पास बुढार लगातार फरार चल रहा था। जिस पर मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 10 नवम्बर को बुढ़ार पुलिस द्वारा आरोपी को नगर पालिका चौराहा थाना बुढ़ार को गिरफ्तार कर लिया।

### 11.11 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस के शिकंजे में तीसरा भी

**शहडोल।** जिले में नशे के अवैध कारोबार पर कोतवाली पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 11.11 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य सहयोगी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से नशे का कारोबार कर रहा था और रीवा से शहडोल में स्मैक लाकर बेचने का धंधा कर रहा था। 10 नवंबर 2025 को कोतवाली पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बस के जरिए रीवा से शहडोल आ रहे हैं और उनके पास अवैध मादक पदार्थ है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने नया बस स्टैंड शहडोल पर नाकेबंदी की। इसी दौरान जब एक बस रीवा से पहुंची, तो पुलिस ने सर्चिंग शुरू की।

पुलिस को देखकर दो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान अनिल कोरी निवासी पुरानी बस्ती शहडोल तथा संजय कुमार सोनी निवासी कल्याणपुर, शहडोल के रूप में हुई। तलाशी के दौरान अनिल कोरी के कब्जे से 11.11 ग्राम स्मैक, नगदी राशि एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। बरामद स्मैक की बाजार कीमत लगभग 30,000 रुपये तथा कुल जब्त सामग्री का मूल्य करीब 50,000 रुपये आँका गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इस स्मैक को रीवा से खरीदकर शहडोल में ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बना रहे थे। उन्होंने पुलिस को अपने स्थानीय सहयोगियों के नाम भी बताए। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर उनके सहयोगी गौरीशंकर सोनी निवासी शुभम पैलेस के पास शहडोल को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से स्मैक बिक्री से प्राप्त 1700 रुपये भी जब्त किए गए।

# ओसीएम कांड: एक्शन मोड में वर्दी, अब आरकेटीसी के जिम्मेदार रडार पर

**धनपुरी।** थाना क्षेत्र स्थित एसईसीएल के सोहागपुर क्षेत्र की अमलाई ओपन कास्ट खदान में हुई मजदूर की मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। पुलिस ने इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जांच की दिशा तेज कर दी है। आरकेटीसी कंपनी के प्रबंधक मॉनसन थॉमस और पर्यवेक्षक अजय यादव को धनपुरी पुलिस ने पूछताछ के लिए तलब किया। दोनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।


15 वर्ष पहले बंद होने वाली खदान बनी मौत की खाई


अमलाई खदान में मौत का दलदल


मोहसन और अजय की लापरवाही से गई अनिल की जा...





वहीं, पुलिस सूत्रों के अनुसार अब खदान में पदस्थ अधिकारियों में उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी. रमन्ना और खान प्रबंधक अल्बर्ट पॉल की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरकेटीसी के दोनों अधिकारियों से कई घंटों तक पूछताछ की और उनके बयान भी दर्ज किए। मृतक अनिल कुशवाहा के परिजनों का आरोप है कि 15 वर्ष पहले बंद की गई इस खदान को बिना सुरक्षा मानक अपनाए दोबारा चालू किया गया था। लगातार हो रही बारिश के बावजूद मिट्टी भराई (फिलिंग) और ओवरबर्डन हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया, जिसके चलते मिट्टी धंसने से अनिल की मौत हो गई।

### एफआईआर की मांग पर अब एक्शन मोड में पुलिस

पहले तो पुलिस ने पीड़ित परिवार की अनुपस्थिति के चलते प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी, लेकिन जब परिवार ने लिखित शिकायत दी, तब से जांच की रफ्तार तेज हो गई है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आरकेटीसी कंपनी के कार्यस्थल पर गंभीर लापरवाही के संकेत मिले हैं। पुलिस ने उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई है, जिन्होंने खदान सुरक्षा अधिनियम और क्लोजर प्लान की अनदेखी की। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कुछ अधिकारियों जिनमें रमन्ना का नाम प्रमुख है, उनको आंतरिक जांच में क्लीन चिट देने की कोशिश की जा रही है।

### घटना से ठीक पहले का दृश्य वायरल

इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें घटना से कुछ मिनट पहले खदान के भीतर मिट्टी भराई कार्य दिखाया गया है। वीडियो में कथित तौर पर वही अधिकारी नजर आ रहे हैं जिन पर अब जांच चल रही है कि आर के टी सी के अजय यादव, मॉनसन थॉमस और उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी. रमन्ना और खान प्रबंधक अल्बर्ट पॉल ने मिलकर सामूहिक रूप से इस घटना को दबाने का प्रयास किया, वायरल वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि जलभराव के बावजूद खतरनाक इलाके में काम जारी था। वीडियो के वायरल होने के बाद कोलफील्ड प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन में हडक़ंप मचा हुआ है।

### न्याय न मिला तो आंदोलन करेंगे

मृतक के परिवार ने पुलिस प्रशासन, जीडीएमएस और कोल इंडिया लिमिटेड को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। परिवार का कहना है कि यदि दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो वे हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। उनका कहना है कि हमारे बेटे की मौत सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि कंपनी की जानबूझकर की गई लापरवाही का परिणाम है।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का समर्थन

इस हादसे को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भी पीड़ित परिवार का साथ दिया है। बीते पखवाड़े पार्टी पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या समान अपराध की धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

### अधिकारियों पर गिरेगी गाज

धनपुरी पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की अब नए सिरे से जांच की जा रही है। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन से सभी दस्तावेज, अनुमति पत्र और सुरक्षा निरीक्षण रिपोर्ट मांगी है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि बंद खदान में दोबारा कार्य शुरू करने की अनुमति किस अधिकारी ने दी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी. रमन्ना और खान प्रबंधक अल्बर्ट पॉल जैसे अधिकारी भी जांच के दायरे में आ चुके हैं।

### जिम्मेदारों को मिले सजा, न कि क्लीन चिट

परिवार ने कहा कि निचले स्तर के कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने पुलिस से आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की है। परिजनों ने साफ कहा कि यदि पुलिस और प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो वे अदालत का दरवाज़ा खटखटाएंगे।

### जीजीपी का ज्ञापन और आंदोलन की चेतावनी

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अमलाई खदान हादसे में मारे गए मजदूर के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। पार्टी नेताओं ने कलेक्टर शहडोल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 15 साल पहले बंद खदान में दोबारा काम शुरू करने की अनुमति देने वालों पर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर में आंदोलन किया जाएगा और एसईसीएल मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### वायरल वीडियो ने बढ़ाई जांच की रफ्तार

अमलाई ओपन कास्ट खदान हादसे से ठीक पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है, जिसमें आरकेटीसी कंपनी के पानी में डूबे हुए डोजर के द्वारा मिट्टी डाली जा रही है और स्थानीय कोल इंडिया के कर्मचारी यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मना करने के बाद भी इस तरह का कार्य हो रहा है जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है और उसे कुछ मिनट बाद दुर्घटना हो जाती है, स्थल पर मौजूद दिखने और बोलते हुए कॉलरी के कर्मचारी नजर आ रहे हैं। वीडियो में पानी से भरे खदान में काम जारी दिखाई दे रहा है, जो सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है। वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस और एसईसीएल अधिकारियों में हडक़ंप मच गया है। जांच टीम ने वीडियो को सबूत के रूप में जब्त कर लिया है और तकनीकी परीक्षण के लिए भेजा है।



# प्रेम ही भगवान तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग: स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य

### श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का दिव्य प्रसंग, श्रद्धालु हुए भावविभोर

**शहडोल।** नगर के बुढ़ार रोड स्थित डी-सदन मैरिज गार्डन में जारी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के छठवें दिन का आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यासपीठ से चित्रकूट धाम से पधारे परम-पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने अपने मधुर वचनों से भक्तों को भक्ति, प्रेम और धर्म के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। कथा का संकल्प श्री चंद्रशेखर वर्मा द्वारा लिया गया। महाराज श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रेम का आधार आत्मा होती है, अहंकार नहीं। जब व्यक्ति का 'मैं' समाप्त हो जाता है, तभी सच्चे प्रेम का उदय होता है। उन्होंने कहा कि उद्धव चरित्र हमें यह सिखाता है कि ज्ञान से बढक़र प्रेम है। उद्धव जी जब ब्रज पहुंचे तो गोपियों ने उन्हें बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जो प्रेम में विलीन हो जाए। इस संवाद में उद्धव का अहंकार समाप्त हुआ और उन्होंने अनुभव किया कि भगवान तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग 'निष्कपट प्रेम' है।



कथा के दौरान स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का अलौकिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि यह विवाह केवल दैवी प्रेम की परिणति नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। कथा के इस प्रसंग में श्रद्धालु भाव-विह्वल हो उठे और जय श्रीकृष्ण - जय राधे के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। महाराज श्री ने आगे भगवान की महारास लीला का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की यह दिव्य लीला इतनी अद्भुत थी कि स्वयं भगवान भोलेनाथ भी बालक कृष्ण के दर्शन हेतु गोकुल पहुंचे। इसी क्रम में जब श्रीकृष्ण मथुरा गमन हेतु अक्रूर जी के साथ प्रस्थान करने लगे, तब ब्रज की गोपियां रथ के आगे खड़ी होकर व्याकुल भाव से बोलीं , हे कन्हैया, यदि जाना ही था तो प्रेम का बंधन क्यों बांधा? इस प्रसंग पर उपस्थित श्रद्धालु अपनी भावनाओं पर नियंत्रण न रख सके और आँसू छलक पड़े। कथा के दौरान मंच पर गोपियों-उद्धव संवाद तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चल रही है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस संगीतमय भागवत कथा का श्रवण करें और जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति के रंग में रंगकर धन्य बनाएं।

# आदि कर्मयोगी बिरसा मुंडा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने निकली संदेश यात्रा

### एबीवीपी और जन अभियान परिषद ने किया आयोजन विद्यार्थियों में जागृत की आदिवासी गौरव और राष्ट्रभक्ति की भावना

**शहडोल।** आजादी के अमर सेनानी और जनजातीय अस्मिता के प्रतीक आदि कर्मयोगी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहडोल जिले में भगवान बिरसा संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा का उद्देश्य बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना के संदेश को आमजन तक पहुंचाना है। cकार्यक्रम की शुरुआत नगर स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे और विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अन्याय और शोषण के विरुद्ध जिस साहस के साथ उलगुलान आंदोलन चलाया, वह आज भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि यह संदेश यात्रा समाज में एकता, आत्मसम्मान और जागरूकता का प्रतीक बनेगी।




यात्रा में समाजसेवी सावन सिंह, परिषद के सदस्य आलोक सोंधिया, ऋतिक दास मिश्रा, अलोकनाथ नामदेव और प्रदीप सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान लोगों को बिरसा मुंडा के जीवन प्रसंगों और उनके योगदान से अवगत कराया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) शहडोल इकाई द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की सार्धशती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भगवान बिरसा रथ यात्रा का शुभारंभ उमरिया जिले से किया गया। यह रथ यात्रा शहडोल और अनूपपुर जिलों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना से परिचित कराएगी। रथ यात्रा का समापन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक में भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और आदिवासी नायकों के संघर्ष से जोडऩे का संदेश दिया जा रहा है।

# डोर-टू-डोर जाकर वितरित किया जा रहा गणना पत्रक



**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 2026 चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओ को प्री- प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) उपलब्ध कराया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 2026 के अंतर्गत जिले के ग्राम कल्याणपुर सहित अन्य ग्रामों में संबंधित बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया गया। मतदाताओ से अपील की गई है कि मतदाता इस गणना पत्र को गंभीरता एवं गहनता के साथ भरे तथा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए, यथाशीघ्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं।

# सीईओ ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए तत्काल निराकरण के निर्देश

**शहडोल।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जनसुनवाई में ग्राम लेदरा निवासी इंद्रजीत मिश्र ने भूमि विभाजन की मांग रखी, जबकि शहडोल नगर के वार्ड क्रमांक 22/29 की मीना केवट ने क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। ग्राम सपटा के शिक्षक धीरेंद्र सिंह ने अर्जित अवकाश दर्ज कराने संबंधी आवेदन दिया, वहीं ब्यौहारी वार्ड क्रमांक 8 के सत्यराम गुप्ता ने सीमांकन की मांग रखी। सीईओ श्री प्रजापति ने प्रत्येक आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारी के पास तत्काल अग्रेषित कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समाधान केवल औपचारिकता न होकर परिणामपरक होना चाहिए, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिले। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि लापरवाही या अनावश्यक विलंब की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों ने प्रशासन से त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की अपेक्षा जताई।



### कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई, संयुक्त आयुक्त ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखीं। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभागों को आवेदनों का त्वरित और समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बुढ़ार निवासी दिलीप सिंह ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरण पर कार्रवाई की मांग की, हनुमान दीन काछी ने घर का सामान ले जाने की घटना पर पुलिस कार्यवाही की गुहार लगाई, पूनम बैगा ने ट्रांसफार्मर लगवाने, दद्दनराम बैगा ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, जबकि ललन प्रसाद पनिका ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग की। संयुक्त आयुक्त ने सभी आवेदन संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# अवैध रेत परिवहन पकड़ने निकली डायल 112 खुद हुई हादसे का शिकार

### दो ट्रैक्टर जप्त, पुलिस की कार्रवाई जारी

**शहडोल।** अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने निकली ब्यौहारी पुलिस टीम खुद हादसे का शिकार हो गई। घटना बीती मध्यरात्रि की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि जमोड़ी कल्हारी की ओर से दो ट्रैक्टर रेत भरकर ब्योहारी की तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने डायल 112 वाहन के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए पीछा किया और सूखा कल्हारी रोड पर दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार, जब पुलिस दोनों ट्रैक्टरों को थाना लेकर लौट रही थी, तभी सिविल हॉस्पिटल ब्योहारी के पास आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से डायल 112 वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस का नया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी पुलिसकर्मी को गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने दोनों रेत से भरे ट्रैक्टर जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना डायल 112 चालक की लापरवाही के चलते हुई। घटना के बाद विभागीय स्तर पर जांच की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री एक्सीलेंस आरव्हीपीसी महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आज

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल ने बताया कि उमंग शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत छात्र छात्राओ के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री एक्सीलेंस आर व्ही पी सी महाविद्यालय उमरिया मे 12 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है। स्वास्थ्य शिविर के लिए चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ए एन एम, काउंसलर, आयुष्मान डी सी, नेत्र सहायक, सपोर्ट स्टाफ की डयुटी लगाई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अधिकारियो, कर्मचारियो से कहा है कि निर्धारित स्थल में उपस्थित होकर सामान्य स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन, बी एम आई, ब्लड प्रेशर, नेत्र, ओरल आदि की जांच हेतु उपकरण सामग्री एवं औषधि लेकर जाएं ताकि आवश्यकतानुसार उपचार एवं परामर्ष प्रदाय किया जा सके।

### नाबालिग ने बाथरूम मे दुपट्टे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कालोनी डबल स्टोरी निवासी लगभग 17 वर्षीय नाबालिग ने मंगलवार की सुबह अपने घर के बाथरूम मे दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि नाबालिग भारत माता पब्लिक स्कूल कोतमा मे कक्षा 11 वीं की छात्रा थी, मृतिका छात्रा की मां ने बताया कि सुबह बच्ची को विद्यालय जाने के लिए कहा तो बच्ची नाराज हो गई उसके बाद उसने यह कदम उठाया। आखिर नाबालिग छात्रा ने विद्यालय जाने से क्यूं आना कानी कर रही थी। यह पुलिस जांच के बाद ही सामने आयेगा कि छात्रा ने इतना बडा आत्मघाती कदम क्यो उठाया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना मे जुट गई है।

### अड़ीबाजी एवं तोड़ फोड़ के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज भालूमाडा।** 9 नवम्बर को आरोपी विनय केवट पिता रामखेलावन केवट उम्र 21 वर्ष निवासी निवासी पयारी नम्बर 02 एवं अमोल सिंह गोंड पिता तेजा सिंह गोंड उम्र 25 वर्ष निवासी पयारी नम्बर 02 के द्वारा ग्राम पयारी में नीलकंठ कम्पनी की कैम्पर वाहन को रोक कर वाहन चालक से पैसे मांगने एवं अश्लील गाली गलौज कर मारपीट करने पर फरियादी राजनारायण पाठक निवासी नीलकंठ कम्पनी आमाडांड की रिपोर्ट पर अपराध थाना भालूमाडा के अप.क्र. 486/2025 धारा 126(2), 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए भालूमाडा पुलिस पुलिस द्वारा उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय कोतमा पेश किया गया जहाँ से आरोपीगणों को जेल भेजा गया है।

### विधिक सेवा सप्ताह का किया जाएगा आयोजन

**कोतमा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधि सेवा दिवस के उपलक्ष में 9 से 14 नवंबर तक कोतमा तहसील न्यायालय अंतर्गत विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कोतमा न्यायालय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल के निर्देशन में रविवार को कोतमा न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## आदिवासी गौरव और बिरसा मुंडा के आदर्शों से होगी नई पीढ़ी प्रेरित : कलेक्टर

# आदिवासी अस्मिता के प्रतीक हैं बिरसा मुंडाः पूर्व सांसद









### धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव रथ यात्रा को दी गई हरी झंडी

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह के अवसर पर जिले में चार दिवसीय जनजातीय गौरव रथ यात्रा का शुभारंभ सोमवार को उमरिया के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन से हुआ। हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया।

उमरिया।

यह रथ यात्रा जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामों से होते हुए 15 नवंबर को ग्राम डगडौआ पहुंचेगी, जहां इसका भव्य समापन जिला स्तरीय कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि ज्ञान सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, अस्मिता और आत्मसम्मान की वह ज्योति हैं, जिसने पूरे आदिवासी समाज को जागरूकता और संघर्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन चलाकर यह संदेश दिया कि संगठित जनशक्ति से किसी भी अन्याय का प्रतिकार किया जा सकता है। वे न केवल एक योद्धा बल्कि सामाजिक सुधारक भी थे, जिन्होंने अपने समाज को अंधविश्वास, बंधनों और शोषण से मुक्त करने की दिशा में जीवन समर्पित किया। पूर्व सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी स्वतंत्रता काल में थीं। धरती आबा के नाम से विख्यात इस महान विभूति ने हमें सिखाया कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए त्याग, संघर्ष और जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जनजातीय गौरव रथ यात्रा का उद्देश्य बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके अदम्य साहस को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक भी है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में धरती आबा अभियान के बाद अब आदि कर्मयोगी अभियान भी प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत समाज के उत्थान और आदिवासी युवाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को ग्राम डगडौआ में भगवान बिरसा मुंडा की दिव्य प्रतिमा के समक्ष जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बिरसा मुंडा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित संगोष्ठी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा।

#### विकासखंड के ग्रामों से गुजरते हुए डगडौआ पहुंचेगी रथ यात्रा

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने जानकारी दी कि यह रथ यात्रा उमरिया, निगहरी, बिलासपुर, चंदिया, मानपुर और पाली विकासखंड के ग्रामों से गुजरते हुए डगडौआ पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान जनजातीय समाज को बिरसा मुंडा के आदर्शों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विकासपरक पहल से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि समापन समारोह में शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें आदिवासी क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की झलक देखने को मिलेगी। सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रथ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद पूर्व सांसद, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. पूजा द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। परिसर जयघोष और पारंपरिक नृत्य-गीतों से गूंज उठा। डॉ. पूजा द्विवेदी ने बताया कि जनजातीय गौरव रथ यात्रा का दूसरा चरण 12 नवंबर से प्रारंभ होगा। यह चरण भलवार से शुरू होकर ताला, अखडार, कौडिया, चांदपुर, दुब्बार, पाली, लोढा और भरौला होते हुए क्रीड़ा परिसर उमरिया पहुंचेगा, जहां रात्रि विश्राम रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पड़ाव पर स्थानीय ग्रामीणों और विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के योगदान से परिचित कराने के लिए लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न जनजातीय समुदायों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरे परिसर में आदिवासी परंपराओं की झलक देखने को मिली, महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करती दिखीं, तो युवाओं ने धरती आबा अमर रहें के नारे लगाए। रथ यात्रा के दौरान सजे वाहन पर बिरसा मुंडा के जीवन प्रसंगों, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और सामाजिक सुधार के संदेशों को आकर्षक झांकियों के रूप में प्रस्तुत किया गया। रथ के साथ आदिवासी लोक कलाकारों की टोली गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करती नजर आई।

जनजातीय गौरव रथ यात्रा के माध्यम से न केवल भगवान बिरसा मुंडा की विचारधारा का प्रसार किया जा रहा है, बल्कि यह भी संदेश दिया जा रहा है कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और संघर्ष की विरासत भारत की आत्मा का अभिन्न हिस्सा है। यह यात्रा जिले भर में सामाजिक एकता, जनजागरण और गौरव की नई अलख जगाने का कार्य कर रही है।



### जनसुनवाई में 87 आवेदको की सुनी समस्याएं

**उमरिया।** जनसुनवाई में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के दूर दराज से आए 87 आवेदको की समस्याओं को सुना तथा समस्याओ के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित किया। जनसुनवाई में पप्पू रैदास बरबसपुर ने विद्युत बिल अधिक आने, प्रहलाद रैदास चंदिया ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, जयपाल बैगा बरबसपुर ने पी एम आवास योजना की दूसरी किश्त दिलाने, मीरा बाई ग्राम मझगवां ने कल्याणी सहायता का लाभ दिलाने, चीची बाई ग्राम बडेरी ने कच्चा मकान बरसात के कारण गिरने पर आर्थिक सहायता दिलाने, गुडिया बाई ग्राम कौडिया ने वन अधिकार अंतर्गत लंबित प्रकरण का निराकरण कर पटटा दिलाने, पूनम रैदास वार्ड नंबर 9 चौधरी मोहल्ला ने मोटराईज्ड ट्रायसिकिल दिलाने हेतु आवेदन दिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता , संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, तहसीलदार बांधवगढ सतीश सोनी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# तीन दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स प्रारंभ

उमरिया।

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया अंतर्गत जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र, ताला में वन्यजीव प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन 10 नवंबर 2025 से 12 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न वनमण्डलों से आए राज्य वन सेवा के अधिकारियों से लेकर वन रक्षक स्तर तक के अमले को वन्यजीव संरक्षण एवं प्रबंधन के नवीनतम पहलुओं से अवगत कराना है।**




कार्यक्रम में तीन वनवृत्त के कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि एवं क्षेत्र संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया डॉ अनुपम सहाय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में समन्वित प्रयासों और अनुकूल प्रबंधन रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। उपसंचालक, बां.टा.रि. प्रकाश कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा विषयवस्तु के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन क्षेत्रीय भ्रमण द्वारा प्रतिभागियों को वन्यप्राणी प्रबंधन का व्यावहारिक और तकनीकी पहलू से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में वन्यप्राणी रहवास प्रबंधन, वन्य प्राणी संरक्षण हेतु प्रवृत्त विधि, वन्यजीव गणना के तकनीकी पहलू रेस्क्यू ऑपरेशंस तथा वन्य जीव संरक्षण में स्थानीय समुदायों की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। यह रिफ्रेशर कोर्स प्रदेश के भोपाल, रीवा तथा शहडोल वन वृत में कार्यरत अधिकारियों के लिए वन्य प्राणी संरक्षण तथा प्रबंधन से संबंधित अपने अनुभव साझा करने, नई जानकारियाँ प्राप्त करने तथा नवीन प्रबंधन तकनीकों के प्रशिक्षण के दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है।

### म.प्र. सरकार ने दी बड़ी राहत बकाया बिजली बिल भुगतान पर भारी छूट

# ऊर्जा विभाग ने दी विलंबित बिल के भुगतान पर अधिभार/पेनाल्टी में भारी छूट

**छूट प्राप्त करने हेतु क्यू.आर. कोड मे स्कैन करें**

उमरिया।

म.प्र. शासन ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली बिलों के भुगतान में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से समाधान योजना 2025-26 लागू की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अनेक उपभोक्ता जिन्होंने विभिन्न कारणों से समय से भुगतान नहीं करने पर अधिरोपित अधिभार/पेनाल्टी के कारण बिजली बिल अत्यधिक हो गए है। उन्हें अधिभार/पेनाल्टी से छूट प्रदान कर बिजली बिल जमा करने की सुविधा प्रदान करना है।

योजना के प्रथम चरण (03 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक) अधिभार/पेनाल्टी में 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक माफ किया जाना है। इस योजना में एक मुश्त बकाया राशि भुगतान किए जाने पर घरेलू तथा कृषक उपभोक्ताओं को 100प्रतिशत अधिभार एवं गैर घरेलू तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं को 80प्रतिशत तक की अधिभार/पेनाल्टी माफ किए जाने का प्रावधान है। योजना में 6 मासिक किश्त में भी भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गई है। योजना में समस्त घरेलू, गैर घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि उपभोक्ता को शामिल किया गया है। योजना में 3 माह या उससे अधिक अवधि की बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। उमरिया संभाग अंतर्गत उपरोक्त योजना में 63872 घरेलू उपभोक्ता, 1520 गैर घरेलू, 322 औद्योगिक उपभोक्ता एवं 15351 कृषि उपभोक्ता पात्र है, जिन्हें विद्युत देयक की राशि जमा करने पर कुल 892 लाख की अधिभार/पेनाल्टी की राशि माफ की जा सकती है। कार्यपालन अभियंता संभाग उमरिया ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही उपरोक्त योजना का लाभ लेंवे। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि प्रथम चरण एवं एक मुश्त राशि जमा करने पर ज्यादा छूट दिया जाना है। अतः राशि जमा करते समय विकल्प। अर्थात एक मुश्त राशि जमा करें। योजना का लाभ लेने हेतु नजदीकी वितरण केंद्र, उपकेंद्र अथवा 1912 में संपर्क कर सकते हैं। योजना का तत्काल लाभ प्राप्त करने हेतु नीचे दिए गए क्यू आर कोड स्कैन करके भी लाभ प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी भी उपरोक्त क्यू आर कोड से प्राप्त कर सकते है।

# नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक सम्पन्न

उमरिया।




नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक ग्राम पंचायत अमरपुर में संपन्न हुई। बैठक उपरांत एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने नव गठित प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष और सचिवों को आदर्श ग्राम कैसे बनाना है और गांव का विकास कैसे हो उसके लिए रुपरेखा तैयार करना करने संबंधी प्रदान की। ब्लाक समन्वयक ने सभी प्रस्फुटन अपने अपने मासिक बैठक कर रिकॉर्ड संधारण करने की बात कही।

बैठक में नवांकुर संस्था अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम , परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी , माधुरी त्रिपाठी , प्रस्फुटन समिति अमरपुर अध्यक्ष नीरज सिंह, प्रस्फुटन समिति चिल्हारी अध्यक्ष राजश्री मिश्रा, प्रस्फुटन समिति अशोढ अध्यक्ष अजय वर्मन, प्रस्फुटन समिति सुखदास अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ,सचिव अशोक यादव , प्रस्फुटन समिति कसेरू अशोक सिंह सीएमसीलडीपी छात्र आदित्य सिंह, गुनगुन वर्मन नीलम आकांक्षा सिंह, अशोक यादव, राम बोध वर्मन मुन्ना यादव लवकेश यादव, अशोक यादव, राम लखन जैसवाल अशोक चौधरी, राहुल प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षकों को बेहतर शिक्षण सत्र एवं वार्षिक कैलेंडर अनुसार कार्य की गुणवत्ता पूर्ण करने के दिए गए टिप्स

उमरिया।

विकासखंड करकेली में पदस्थ हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षको को शिक्षण सत्र एवं वार्षिक कैलेंडर अनुसार कार्य की गुणवत्ता पूर्ण करने हेतु टिप्स दिये गये। सहायक परियोजना समन्वयक विनीत कुमार के व्ही द्वारा आई गोट पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उपस्थित प्रतिभागियों को डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आई गॉट कोर्स को पूर्ण करने की पद्धति सिखाई गई ।



स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन 2025 26 अंतर्गत एस एच व्ही आर पोर्टल पर मूल्यांकन की आगामी कार्रवाई हेतु मनोनीत शिक्षकों को मूल्यांकन करने की पद्धति सिखाई गई एवं समय सीमा में मूल्यांकन कर पोर्टल आधारित जानकारी जमा करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला समन्वयक द्वारा मनहित एप इंस्टॉल करवाया गया एवं टोल फ्री नंबर 14416 के संबंध में बताया गया । साथ ही उमंग जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत लिए जाने वाले सत्र के संबंध में उपस्थित शिक्षकों से चर्चा की गई ।

## खबर संक्षेप

### आज जन्मजात हृदय रोग जांच शिविर

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग पीड़ित जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चो के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र शहडोल में 12 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। जांच शिविर के लिए बच्चों के साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड समग्र आइडी, आयुष्मान कार्ड की फोटोकाफी एवं एक पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### पात्र नागरिक न छूटें, अपात्र सम्मिलित न हों: कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने मंगलवार को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रगति की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ शामिल हुए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ और सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर गणना पत्रक का वितरण और संकलन समय पर पूरा करें तथा जानकारी बीएलओ ऐप पर अपलोड करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने विधानसभावार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण कर प्रगति की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ को गणना पत्रक उपलब्ध करा दिए गए हैं और आवश्यकतानुसार स्थानीय विभागीय अमले का सहयोग लिया जा रहा है।

### नगर निगम, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश जारी

**कटनी।** श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण, दद्दा धाम, झिंझरी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारूद्राभिषेक एवं अमृतवाणी कथा के दौरान अत्यधिक संख्या में भक्तगणों के आगमन के दौरान सफल और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देश द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि महोत्सव अवधि के दौरान 13 नवंबर तक कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सकीय डॉक्टर मय स्टाफ एवं एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा को जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने और यातायात की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की बैठक कल

**कटनी।** आगामी 13 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पूर्व सैनिकों, विधवाओं, आश्रितों को आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र अपलोड करने में सहायता दी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को समय पर बैठक में पहुँचने का अनुरोध किया है।

### यातायात व्यवस्था एवं नो एंट्री में किया गया बदलाव

**कटनी।** दद्दा धाम में 13 नवंबर तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस अवधि में बिलहरी नाका से पीरबाबा बायपास तक बसों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।यातायात निरीक्षक राहुल पांडेय ने बताया कि देशभर से आ रहे संत-महात्माओं, कथावाचकों, गायकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय लिया गया है।

## बरसात में बही पुलिया बनी परेशानी का सबब

# प्रधानमंत्री सड़क के उडे परखच्चे






**बिरसिंहपुर पाली**

आदिवासी विकास खंड के घुनघुटी से औढेरा तक बनी प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में बनी सडकों के परखच्चे उड जाने से आवागमन में भारी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है, वही पर मार्ग पर पडने वाली पुलियो के बरसात में बह जाने के बाद आवागमन में बाधक बन गयी है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में घुनघुटी पनवारी के बीच और आमगार से औढेरा के पास पडने वाली पुलिया के बह जाने के कारण नागरिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। ध्यान देने योग्य है कि आगामी दिनों में मालाचुआ में धान खरीदी केन्द्र संचालित होने के कारण किसानों को इसी मार्ग से अपनी उर्पाजित फसल को खरीदी केन्द्र तक लेकर जाने के लिए यही एक मात्र मार्ग है, अगर समय पर इन पुलो का निर्माण कार्य नहीं कराया जाता है तो किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडेगा। कांचोदर, पनवारी, आमगार के आदिवासी किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है की शीघ्र ही प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर बरसात में बहे दोनों पुलों का शीघ्र पुर्ननिर्माण कराया जाये ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मुहैया हो सकें।

## रसोईया ने बॉर्डन पर साजिश कर हटवाने का लगाया आरोप

**ब्यौहारी।**

विकासखंड ब्यौहारी के अंतर्गत मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल खडहुली में कुछ दिनों पहले रात को 11:00 बजे छात्राओं ने खुजली की शिकायत की जिनको सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया और खाने की जांच की गई मेडिकल जांच में खाने में कोई गड़बड़ी नहीं निकली गौरतलब है की हॉस्टल में बहुत सारी लड़कियां रहती हैं यदि खाने में गड़बड़ी होती तो सब बीमार पड़ती लेकिन सिर्फ कुछ को ही खुजली की शिकायत क्यों हुई इसको लेकर के हास्टल की रसोइया राम बाई पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि बार्डन को रात में छात्रावास में रहना चाहिए इसके लिए उनको अतिरिक्त 5000 भी मिलता है लेकिन बार्डन शशि तिवारी रात में कभी नहीं रहती कभी-कभी अपनी सहेलियों को लेकर आती है तो आलू बंडा समोसा भी बनवाती मुझे रसोई का सामान चौकीदार प्रेम बाई कुशवाहा ही देती है अंदर से गेट बंद नहीं करने देती घटना से कुछ दिन पूर्व बार्डन द्वारा कहा गया था कि मैं तुम लोगों को यहां से हटवा दूंगी रसोईया नहीं रहने दूंगी इसके कुछ दिनों बाद ही इस तरह की घटना हो गई जिसमेंबार्डन द्वारा साजिश पूर्वक कुछ छात्राओं के बिस्तर में खुजली करने वाला फल जिसको केमाच कहते हैं उसको रगड़ दिया गया था जिससे छात्राओं को खुजली होने लगी और खुजली का पूरा ठीकरा रसोईया के सिर फोड़ दिया गया और सेवा समाप्त की कर दी गई जिला शिक्षा अधिकारी से रसोईया ने निष्पक्ष जांच करते हुए वार्डन शशि तिवारी के खिलाफ कार्रवाई करनेकी मांग की है

### इनका कहना है

जो भी तथ्य मिलेंगे उसके आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी

**ब्रह्मानंद श्रीवास्तव**
**बीईओ ब्यौहारी**

## गंदगी से पटा मतहा तालाब ग्राम पंचायत द्वारा नहीं कराई गई सफाई

**ब्यौहारी।**

जनपद पंचायत व्यवहारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत साखी के मतहा तालाब जो गांव का मुख्य तालाब है और प्रतिदिन सैकड़ो लोग यहां स्नान करते हैं काली माता को जल भी चढ़ाते हैं इस तालाब को पूरी तरह से जलकुंभी ने ढक लिया है यहां तक की इसका एक घाट भी बंद हो गया इसके लिए ग्राम वासियों का कहना है कि कई बार सरपंच और सचिव को इसकी जानकारी दी गई शिकायत भी की गई लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा तालाब की साफ सफाई नहीं कराई जा रही ग्राम वासियों ने कलेक्टर से तालाब की साफ सफाई कराई जाने की मांग की हैं।



## स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मिलेगा स्थायी बाजार

# जिला प्रशासन शुरू करने जा रहा 'आजीविका बाजार' पहल



**सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने कहा, गुणवत्ता और पैकेजिंग पर दिया जाए विशेष ध्यान**

**शहडोल।**

स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और उनके विक्रय, पैकेजिंग व प्रोसेसिंग को संगठित रूप देने के लिए 'आजीविका बाजार' की स्थापना की जा रही है। इस उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति की अध्यक्षता में स्व-सहायता समूहों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीईओ प्रजापति ने समूह की महिलाओं से उनके उत्पादों और विपणन व्यवस्था की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि परिवहन व बाजार तक सीमित पहुंच के कारण उनके उत्पादों को उचित पहचान और खरीदार नहीं मिल पा रहे। इस पर सीईओ ने कहा कि अब जिला प्रशासन की पहल से स्व-सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पाद बेचने के लिए स्थायी मंच मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला खनिज मद से 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और स्थल चयन के बाद आजीविका बाजार की स्थापना प्रारंभ की जाएगी।

सीईओ प्रजापति ने निर्देश दिए कि समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए और महिलाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिए जाएं, ताकि उनके उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें। आजीविका परियोजना प्रबंधक अजय सिंह ने बताया कि जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाएं महुआ लड्डू, हल्दी पाउडर, पापड़, बड़ी, कोदो बिस्किट, शहद, मुनगा पाउडर, मसाले, अगरबत्ती, साबुन, हर्बल गुलाल, कपड़े के बैग, और आचार जैसे दर्जनों उत्पाद तैयार कर स्थानीय हाट-बाजारों में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि आजीविका बाजार बनने से इन उत्पादों को एकीकृत मंच मिलेगा, जिससे न केवल बिक्री बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) में शोक की लहर

## वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**शहडोल।**

कोयला मजदूर आंदोलन के प्रखर योद्धा और संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम सिंह के निधन से मजदूर वर्ग में गहरा शोक व्याप्त है। अनूपपुर जिले के राजनगर एसईसीएल हसदेव क्षेत्र निवासी राधेश्याम सिंह का 6 दिसंबर 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के पदाधिकारियों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय धनपुरी (जिला शहडोल) में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।
श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष किशोरी मोहन सिंह ने की तथा संचालन उन्होंने स्वयं किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने स्वर्गीय राधेश्याम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य वक्ता एवं संघ के केंद्रीय महामंत्री विनय सिंह ने उनके संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए कहा कि राधेश्याम सिंह मजदूर वर्ग की आवाज थे, निडर, ईमानदार और हमेशा अपने साथियों के हितों के लिए संघर्षरत रहे। वे हिंद खदान मजदूर फेडरेशन की कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य भी रहे और प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हंसराज तनवर, क्षेत्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष अजय सिंह, उप सरपंच जयप्रकाश सिंह, एचएमएस अमलाई के महामंत्री रामदयाल शर्मा, सचिव पवन मिश्रा, रामकेर, पुरुषोत्तम नापित, रामतिलक यादव, गिरिजा प्रसाद और महेंद्र यादव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा के अंत में उपस्थित सदस्यों ने संघ के सचिव पवन मिश्रा के पिता के हाल ही में हुए निधन पर भी शोक संवेदना प्रकट की। कार्यक्रम के दौरान संगठन एकता और स्वर्गीय राधेश्याम सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

# जिला जेल शहडोल में विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



### बंदियों को बताए गए अधिकार और कानूनी उपाय

**शहडोल।**

**मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर चल रहे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत जिला जेल शहडोल में निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह सिंगार ने की, वहीं जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।**
अधिकारियों ने जेल परिसर के सभी बैरकों का निरीक्षण किया और बंदियों से स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता तथा उनके लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। बंदियों से संवाद कर उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया। साथ ही आगामी लोक अदालत में प्रकरणों के निपटारे हेतु राजीनामा और प्ली बारगेनिंग जैसी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डिफेंस काउंसिल टीम के इमरान खान और अंकिता सिंह ने विधिक सहायता प्राप्त बंदियों के मामलों की आगामी कार्रवाई की जानकारी साझा की। जेल उप-अधीक्षक सुनील बैसवे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए न्यायिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य बंदियों को कानून की समझ और आत्मसुधार की दिशा में प्रेरित करना है।

## दिल्ली ब्लास्ट पीड़ितों की स्मृति में जयसिंहनगर न्यायालय में श्रद्धांजलि सभा

# अधिवक्ताओं ने दिवंगतों की शांति के लिए रखा मौन

**जयसिंहनगर।**

देश की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास हुए भीषण ब्लास्ट की दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस धमाके में कई निर्दोष लोगों की मौत और अनेक गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के विरोध और पीड़ितों की स्मृति में मंगलवार को जयसिंहनगर न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अधिवक्ता सभागार कक्ष में आयोजित इस शोकसभा से पहले न्यायालयीन कार्य की शुरुआत भी विलंब से हुई। उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



श्रद्धांजलि सभा में अपर सत्र न्यायाधीश शिवलाल केवट, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कीर्ति उइके, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 लघुता मरकाम, नाजीर धर्मदास पटेल, तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष तिवारी, नरेन्द्र शुक्ला, लाल कमल मिश्रा, राजेन्द्र गौतम, राजेश मिश्रा, रूद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। सभी ने देश की एकता और शांति बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया।
श्रद्धांजलि सभा के अंत में अधिवक्ताओं ने अपने साथी वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चतुर्वेदी की माताजी श्रीमती दुर्घटिया चतुर्वेदी के आकस्मिक निधन पर भी गहरी संवेदना व्यक्त की। अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने और परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य देने की प्रार्थना की। न्यायालय परिसर में व्याप्त मौन और भावनात्मक माहौल ने यह संदेश दिया कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश एकजुट है।


**खबर संक्षेप**



### न्यायोत्सव अंतर्गत स्कूलों में किया गया प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' कार्यक्रम के अन्तर्गत तहत 11 नवंबर को सरस्वती शिशु मंदिर अनूपपुर, तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर, शासकीय आईटीआई, एवं भारत ज्योति हाई स्कूल अनूपपुर में निबंध/चित्रकला/नुक्कड़ नाटक/क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त शिविर कार्यक्रमों में बृजेश पटैल ''जिला विधिक सहायता अधिकारी'', द्वारा उक्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' के संबंध में जानकारी दी तथा उक्त प्रतियोगिताओं के अभ्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

### कलेक्ट्रेट परिसर के लिए डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है एवं परिशांति भंग होने की संभावना बनी हुई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के परिसर में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन सौपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार (मेनगेट) पर ही शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए व्यक्ति/संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोई भी दल/ संगठन/ आंदोलनकारी व्यक्ति, जुलूस/ आमसभा या नारेबाजी/ ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिवस पूर्व अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेंगे और निर्धारित स्थल पर ही उक्त गतिविधियां करेंगे। प्रतिबंधात्मक आदेश में उल्लेखित किया गया है कि आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र 86-कोतमा के मंगल भवन कोतमा तथा विधानसभा क्षेत्र 87-अनूपपुर के एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर में आयोजित बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कोतमा में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार पांडे, तहसीलदार, विधानसभा क्षेत्र कोतमा के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारी तथा अनूपपुर में आयोजित बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर कमलेश पुरी, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने गणना पत्रक वितरण कार्य की जानकारी प्राप्त कर कहा कि सभी अधिकारी एसआईआर के कार्य को पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। शत-प्रतिशत मतदाताओं तक समय पर गणना पत्रक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्य की गति बढ़ाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गई जानकारी तत्परता से बीएलओ एप में अपडेट करें।

## हाइवे पर आवारा मवेशियों के जमघट से वाहन चालक परेशान

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश बेअसर

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में बीच सड़कों पर आवारा चौपायों के विचारण करने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जिला मुख्यालय अनूपपुर से लेकर कोयलांचल क्षेत्र एवं जिले के अंतिम छोर डोला रामनगर तक यह आवारा चौपाये बीच सड़कों पर ही डेरा जमाये बैठे रहते हैं।



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

इलाके में ज्यादातर पशु पालक सिर्फ दुधारू पशुओं का ही ख्याल रखते हैं। दूध देना बंद होते ही पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है। कोतमा नगर में सैकड़ों आवारा मवेशियों के झुंड दिन रात सड़क पर घूमते दिखाई देते हैं। नपा प्रशासन भी आवारा मवेशियों की रोकथाम में चाहकर भी कुछ नही कर पा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 मे सड़क पर आवारा मवेशियों के कारण आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। हाईवे सडक मे पसला फुनगा पयारी बदरा बंशी टोला कोतमा पैरीचुआ बेलिया छोट झिरिया टोला डोला में बीच सड़क पर आवारा मवेशी आराम फरमाते हैं और भूख लगने पर दुकानों और घरों पर रखें सामानों मे मुंह मारते हैं। पयारी बस स्टैंड से लेकर बंशी टोला बदरा तक एक सैकड़ा से अधिक मवेशी खुले छोड़ रखे हैं। यही हाल कोतमा नगर का भी है। मेन रोड पर फल व सब्जियों के ठेले, होटलों के आसपास इधर-उधर मुंह मारते मवेशियों के झुंड लोगों के लिए परेशानी की वजह बन रहे हैं। दिन रात राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में खुले घूमते गाय, बैल, सुअर कुत्तों जैसे आवारा मवेशियों के कारण वाहन चालकों का निकलना खतरे से खाली नहीं है। सड़क पर सांडों के बीच लड़ाई और पशुओं की धमाचौकड़ी से कई बार लोग जख्मी हो जाते हैं यहां तक कि काल के गाल में समा चुके हैं। इन दिनों हाइवे पर आवारा पशुओं की समस्या से वाहन चालक प्रभावित है। लेकिन जिम्मेदारों ने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। आवारा जानवरों की वजह से राजमार्ग पर हादसों मे आये दिन बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा भी हो रहा है। राजमार्ग पर आवारा पशुओं व जंगली जानवरों की वजह से आये दिन हादसे हो रहे हैं। हादसों में कमी लाने के लिए राजमार्ग के लिए नए सिरे से सड़क परिवहन विभाग को नियम तैयार किया जाना चाहिए। भोजन की तलाश में भटकते इन बेजुबान जानवरो को इस बात का अंदाजा नहीं हो पाता कि खुद वे भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। यही कारण है कि आए दिन कोई न कोई आवारा चौपाये हादसे का शिकार हो ही जाते हैं। प्रशासन के पास भी इन पशुओं की व्यवस्था करने का कोई विकल्प नहीं है। राजमार्ग पर होने वाले हादसों की बड़ी वजह आवारा पशुओं और जंगली जानवरों को माना गया है। पूर्व में जिला कलेक्टर द्वारा एक आदेश जारी किया गया था और राष्ट्रीय राजमार्ग सड़कों पर आवारा मवेशियों के विचरण करने के कारण हो रहे हादसों में कमी लाने के लिए अधिकारियों के साथ ही नगर पालिका नगर परिषद एवं ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए गए थे कि जो भी जानवर हाईवे पर विचरण कर रहे हैं उन्हें पड़कर गौशाला भेजने की व्यवस्था की जाए कुछ दिनों तक निर्देश पर अमल जरूर हुआ लेकिन उसके बाद फिर वैसाख ही हो गया जिसके कारण हाईवे पर आवारा मवेशियों का जमघाट दिन-रात लगा रहता है।

## भतीजे ने पवित्र रिश्ते को किया दागदार

# मौसी को बनाया हवस का शिकार



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।**

9 नवम्बर को फरियादिया ने थाने रिपोर्ट लेख कराई कि 8 नवम्बर को मैं अपनी जेठानी के घर से पसनी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये ग्राम कनईटोला अपने भतीजा दामाद पूरन बंसल के यहां गई थी खाना खाते पीते देर रात हो गयी थी और मेरे पास कोई साधन नही था तो मैं अपने घर वापस नहीं जा पाई थी। दामाद के घर मे ही परिवार की कुछ महिलाओं के साथ मैं भी नाच रही थी तो मुझसे रवि वंसल निवासी लोहसरा बोला कि मौसी आप को घर जाना है तो मै आप को घर तक छोड देता हूँ तब मैं रात करीब 12 बजे रवि के साथ उसकी मोटर सायकल में बैठ गई जैसे ही हम लोग लोहसरा में अजय कुमार केवट के तालाब के पास पहुँचे तो रवि बंसल मोटर सायकल को रोक दिया तब मैं रवि से बोली की तुमने मोटर सायकल क्यो रोक दी तो रवि मुझसे कहने लगा कि तुम हल्ला मत करो नहीं तो मैं तुमको जान से जान से मार दूंगा कहकर धमकी देते हुये मुझे उठाकर जमीन मे पटक दिया और जबरदस्ती मेरे साथ बलात्कार किया। फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध धारा 64 (1), 351(2) बीएनएस का कायम कर अनुसंधान में लिया जाकर आरोपी रवि बंसल निवासी लोहसरा की पता तलाश सकूनत पर की गई। बिजुरी पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी रवि बंसल को अपराध पंजीयन के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरी मानिम टोप्पो, सउनि प्रभाकर पटेल, आर. लक्ष्मण डांगी, आर. रामनिवास गुर्जर, आरक्षक संगम तोमर की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

## चोरों के हौसले इतने बुलंद की न्यायाधीश को भी नही बख्श रहे

# दिल्ली गए न्यायाधीश के घर चोरी, पुलिस की तफ्तीश जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



जिले के चोरों में अब कानून का भी भय नहीं है। अनूपपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट के घर में पर चोरों ने धावा बोला है। घर पर क्या चोरी हुई है, अभी इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश कर रही है। जिला मुख्यालय में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार वर्मा के घर में चोरी हो गई है। चोरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण के लिए दिल्ली गए हुए थे। चोरी हुए सामान की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। विनोद कुमार वर्मा अनूपपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनका आज दिल्ली से अनूपपुर आने का कार्यक्रम था। सुबह करीब 11 बजे जब उनके घर का चपरासी पहुंचा, तो उसने घर का ताला टूटा हुआ पाया। चपरासी ने उन्हें इसकी सूचना दी। उन्होंने अनूपपुर पहुंचने पर कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चोर घर से क्या-क्या सामान ले गए हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कर्ण मंदिर समूह न केवल अमरकंटक की शान, बल्कि सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर

# ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण की आवश्यकता



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक अपने धार्मिक, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित प्राचीन कर्ण मंदिर समूह न केवल स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि यह स्थल भारत की प्राचीन संस्कृति और श्रद्धा का साक्षी भी है। यह मंदिर समूह अमरकंटक के मुख्य क्षेत्र में स्थित है, जहाँ भगवान शिव सहित अन्य देवालयों के प्राचीन स्वरूप आज भी विद्यमान हैं। पत्थरों पर की गई बारीक नक्काशी, शिलालेख एवं स्थापत्य शैली से यह स्पष्ट होता है कि इन मंदिरों का निर्माण संभवतः कलचुरी शासनकाल में हुआ था। स्थानीय इतिहासकारों के अनुसार, यह मंदिर समूह तत्कालीन शासकों द्वारा धार्मिक आस्था और कला के प्रतीक रूप में निर्मित कराया गया था। वर्तमान में यह क्षेत्र पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण में है, किंतु कई हिस्सों में संरचना के क्षरण के कारण तत्काल संरक्षण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अमरकंटक के समाजसेवी एवं इतिहासप्रेमी नागरिकों का कहना है कि "कर्ण मंदिर समूह न केवल अमरकंटक की शान है, बल्कि यह सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर है। यदि समय रहते इसका संवर्धन नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियाँ इस गौरवशाली इतिहास से वंचित रह जाएँगी। पर्यटन विभाग द्वारा भी इस स्थल को प्रमुख तीर्थ एवं ऐतिहासिक स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में यहाँ पर्यटकों हेतु सूचना पट्ट, मार्गदर्शन केंद्र एवं प्रकाश व्यवस्था की योजना बनाई जा रही है। अमरकंटक के निवासियों ने प्रशासन एवं पुरातत्व विभाग से आग्रह किया है कि कर्ण मंदिर समूह के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए, ताकि यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 30 आवेदनों पर की सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने 30 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. सोनी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे, सभी तहसीलों के तहसीलदारों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में जैतहरी तहसील के वेंकटनगर निवासी श्रीमती सुमित्रा केवट ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्र. 10 की निवासी श्रीमती संतोषी राठौर ने विधवा पेंशन दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम जरही निवासी केवल सिंह ने पट्टे में दर्ज नाम में सुधार कराए जाने तथा अन्य आवेदकों ने भूमि का सीमांकन, बटांकन एवं नक्शा तरमीम कराए जाने, समग्र आईडी में सुधार कराए जाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।

## अनूपपुर से जनजाति गौरव यात्रा का शुभारंभ




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 11 नवंबर को अनूपपुर जिला मुख्यालय से जनजाति गौरव यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह ऐतिहासिक रथ यात्रा अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़, कोतमा एवं अनूपपुर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के अद्भुत विचारों, उनके आदिवासी समाज के उत्थान हेतु किए गए संघर्ष और देशहित में उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना है। यात्रा के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, परंपराएं एवं उनके गौरवशाली इतिहास को उजागर करने के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने जिले के समस्त जनजातीय समाज के लोगों से इस गौरव यात्रा में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। यात्रा का समापन 15 नवम्बर को एकलव्य विद्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में होगा, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, विचार एवं योगदान पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

# अवैध रेत परिवहन पर ट्रेक्टर ट्राली के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध रेत उत्खन्न करने वाले रेत माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीओ(पी.) सुमित केरकट्टा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी महोदय निरीक्षक अमर वर्मा एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अमरलाल यादव के मार्गदर्शन में कार्यवाही की गई। 11 नवंबर को हमराह पुलिस स्टाफ सोनू पर्ते एवं विजय टाटू के कस्बा भ्रमण के दौरान वेंकटनगर में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति आलान के लालमटिया घाट कपरिया सें ग्राम कपरिया तरफ लाल रंग के महेन्द्रा कपंनी के ट्रेक्टर के ट्राली में म.प्र. शासन की अवैध रेत चोरी कर उत्खन्न कर ले जाने वाला है जिसकी सूचना पर सोनू पर्ते, विजय टाटू ने अलान नदी लालमटिया घाट से ग्राम कपरिया की ओर आने वाले कच्चे रास्ते पर एक लाल रंग का महिन्द्रा कंपनी का युवा टेक प्लस 575 डीआई ट्रेक्टर ट्राली में 2 घन मीटर अवैध रेत लदा दिखा जिसे रूकवाकर उक्त ट्रेक्टर के चालक से पूछताछ की गई तो ट्रेक्टर चालक अपना नाम शिवम कुमार पिता स्व. ब्रजलाल पड़वार जाति पनिका उम्र 21 निवासी ग्राम



खैरझिटी थाना गौरेला जिला जी.पी.एम. (छ.ग.) का होना बताया। उक्त ट्रेक्टर के चालक को मौके पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर उक्त ट्रेक्टर के ट्राली में लोड़ रेत की वैध टीपी एवं ट्रेक्टर के ट्राली में रेत किसके कहने से लोड़ की एवं कहा से लोड़ की है एवं कहां से कहां ले जा रहा है की जानकरी चाही गई। ट्रेक्टर चालक ने बताया कि मेरे पास ट्रेक्टर ट्राली में लोड़ रेत खनिज का कोई कागजात टी.पी. नही है उक्त ट्रेक्टर ट्राली का मालिक ग्राम खैरझिटी (छ.ग.) का पारसनाथ पनिका है उसी के कहने पर रेत चोरी करने गया था एवं ट्रेक्टर के कागजात ट्रेक्टर मालिक के पास होना बताया तथा स्वंय का लाईट ड्राईविंग लायसेंस है जो घर रखा हुआ है। अवैध रेत खनिज 02 घन मीटर कीमती 3000 रूपये की ट्रेक्टर मय ट्राली कीमती 500000 रूपये की कुल मशरूका 503000 रूपये जप्त किया गया। उक्त आरोपी ट्रेक्टर चालक एवं उक्त ट्रेक्टर ट्राली के स्वांमी पारसनाथ पनिका का कृत्य धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 एवं 130/177(3) एम.व्ही. एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से मामले में 07 वर्ष से कम की सजा का प्रावधान होने से आरोपी ट्रेक्टर चालक का अभिरक्षा पत्र तैयार कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु धारा 35(3) बीएनएसएस का नोटिस देकर पांवद किया गया। हमराह स्टाप एंव जप्त शुदा सम्पत्ति के चौकी वेंकटनगर लाकर सुरक्षार्थ चौकी परिसर में एचसीएम को बताकर खड़ा कराया गया है वापसी पर अपराध धारा सदर का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**PUBLIC NOTICE**
**(Father's Name Clarification)**

I, ASHISH VERMA, son of RAMAWATAR VERMA resident of NC-16 MPPGCL COLONY CHACHAI, DISTT- ANUPPUR (M.P.) 484220, hereby declare that my father's name is correctly spelled as RAMAWATAR VERMA. However, in some of my documents, my father's name has been mentioned as RAMAWATER VERMA. Both names refer to one and the same person, i.e., my father RAMAWATAR VERMA. This notice is being issued to clarify the records.

**Ashish Verma**
**S/o Shri Ramawatar Verma**